ज्ञानोत्सव - 2079
शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत
भाकृअनुप
ICAR

ज्ञानोत्सव आयोजन समितिः

संरक्षकः
डॉ. अतुल कोठारी
(सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास)

अध्यक्षः
डॉ. विनय सहस्र बुद्धे
(अध्यक्ष, आई.सी.सी.आर.)

महासचिवः
डॉ. श्रीमती पंकज मित्तल
(महासचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ)

सदस्यः
प्रो. राजीव कुमार
(सचिव, ए.आई.सी.टी.ई.)
प्रो. नागेश्वर राव
(कुलपति, इग्नू)
श्रीमती अनीता शर्मा
(प्रधानाचार्य)
(एस. डी. पब्लिक स्कूल, दिल्ली)

सचिवः
श्री संजय स्वामी

संयोजकः
श्री ओम प्रकाश शर्मा

दिनांकः-07.10.2022

सेवा में,

माननीय निदेशक

विषयः "ज्ञानोत्सव-2079" में प्रतिभागिता हेतु निमंत्रण एवं प्रदर्शनी में स्टॉल के संबंध में।

महोदय,

आपको यह सूचित करते हुए अति हर्ष की अनुभूति हो रही है कि न्यास प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए विद्यालय, उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों, शिक्षकों एवं देश के शिक्षाविदों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम **"ज्ञानोत्सव-2079"** का आयोजन करता है। अपने उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर तीन दिवसीय **"ज्ञानोत्सव-2079"** का **आयोजन 17-19 नवंबर, 2022** को **भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा नई दिल्ली** में किया जा रहा है।

"ज्ञानोत्सव-2079" के माध्यम से विद्यालय शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा, कृषि, विधि शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा इत्यादि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का आयोजन किया जाएगा तथा भविष्य की संभावनाओं पर विमर्श होगा। ज्ञानोत्सव में शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा जैसे कि आत्मनिर्भर भारत पर विभिन्न संस्थानो के नवाचारों का प्रदर्शन इत्यादि।

शिक्षा से संबंधित इस महत्वपूर्ण आयोजन में सहभागियों के तौर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद, केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभागों तथा शिक्षण संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र सहभागिता कर रहे हैं। न्यास वर्ष 2018 से ज्ञानोत्सव का आयोजन कर रहा है। इसके बहुत सुखद परिणाम आए हैं जिनमें शैक्षिक नवाचारों का देश भर में प्रसार प्रेरणादायक है। **शिक्षा जगत में इस सकारात्मक सामूहिक प्रयास में आपके संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में किए गए नवाचार अथवा शिक्षा में किए गए नए प्रयोगों, आत्मनिर्भर भारत पर आधारित कार्य आदि पर आधारित प्रदर्शनी में सहभागिता हेतु आप सादर आमंत्रित हैं। प्रदर्शनी में भाग लेने के नियम एवं अन्य आवश्यक विवरण पत्र के साथ संलगन हैं।**

जारी पृष्ठ----------2

प्रदर्शनी के अतिरिक्त भी इस त्रिदिवसीय ज्ञानोत्सव मे आयोजित परिसंवाद में आपकी सहभागिता सादर प्रार्थनीय है। ज्ञान के इस उत्सव में आपके संस्थान के छात्र एवं शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं जिनका विवरण पत्र के साथ संलग्न ब्रोशर में है। कृपया नीचे दिए e mail पर सहमति प्रदान कर सहभागी हों, ऐसा निवेदन है।

<u>ज्ञानोत्सव-2079 प्रदर्शनी हेतु भागीदारी प्रस्ताव</u>

1. **मुख्य प्रदर्शनी प्रायोजकः** **शुल्क: 05 लाख रूपए**
   - भागीदारी के लिए विशेष धन्यवाद प्रमाणपत्र
   - प्रदर्शनी के लिए स्थान लगभग 8 x 8 फीट
   - संस्थान प्रतीक चिन्ह को पोस्टर व बैनर में स्थान
   - सोशल मीडिया पर प्रदर्शनी का प्रचार

2. **समान्य प्रदर्शनी प्रायोजकः** **शुल्क: 03 लाख रूपए**
   - भागीदारी के लिए प्रमाणपत्र
   - प्रदर्शनी के लिए स्थान लगभग 6 X 8 फीट
   - संस्थान प्रतीक चिन्ह को पोस्टर व बैनर में स्थान
   - सोशल मीडिया पर प्रदर्शनी का प्रचार

भवदीय

डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे
अध्यक्ष,
ज्ञानोत्सव आयोजन समिति



डॉ. अतुल कोठारी
राष्ट्रीय सचिव
शिक्षा संस्कति उत्थान न्यास



डॉ. श्रीमती पंकज मित्तल
महासचिव,
ज्ञानोत्सव आयोजन समिति



श्री संजय स्वामी
सचिव
ज्ञानोत्सव आयोजन समिति
मो.- 9871082500

डॉ. राकेश सी. अग्रवाल
सदस्य
ज्ञानोत्सव आयोजन समिति

श्री ओमप्रकाश शर्मा
संयोजक
ज्ञानोत्सव आयोजन समिति
मो.-9425102004

<u>संपर्क सूत्रः-</u> 1. श्रीमती उपासना अग्रवालः-9910605544
2. डॉ. विनोद कुमारः-9953721065
<u>ईमेलः-</u> gyanotsav.ssun@gmail.com